दुर्गा सप्तशती पाठ और आरती के साथ हुई गुप्त नवरात्रि की शुरूआत

▶ व्यापार बैंकिंग, टेक्नोलॉजी और शुभ कार्यों का श्रेष्ठ मुहूर्त

इंदौर। बुधवार से आषाढ़ी अमावस्या पर गुप्त नवरात्रि की शुरुआत हुई। शहर के विभिन्न माता मंदिरो में सप्तशती पाठ, शतचंडी यज्ञ, विशेष अनुष्ठान, भजन-कीर्तन, आरती और महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

बिजासन मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, हरसिद्धि मंदिर और कालका माता मंदिर में साधक आठ दिन का व्रत कर देवी को प्रसन्न करने के लिए विशेष पूजा-अर्चना करेंगे। शहर के अन्य माता मंदिरों में भी दुर्गा सप्तशति के पाठ के साथ अन्य आयोजन शुरू हुए। सभी माता मंदिरो में शाम को भक्तो की भीड़ दर्शन करने के लिए पहुंची। पंडित सुनील शुक्ला ने बताया कि गुप्त नवरात्रि पुष्य नक्षत्र, हर्षल योग, कर्क राशि के चंद्रमा और गजकेसरी योग जैसे शुभ संयोग में प्रारंभ हुई है, जिससे इसका धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व बढ़ गया है। नवरात्रि 22 जुलाई तक रहेगी। इस बार गुप्त नवरात्रि के दौरान दो सर्वार्थ सिद्धि योग और तीन रवि योग बन रहे हैं। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार इन शुभ योगों में नए कार्य शुरू करना, व्यापार विस्तार, बैंकिंग, टेक्नोलॉजी और अन्य शुभ कार्य करना लाभकारी माना जाता है। 22 जुलाई को समापन के दिन भड्डली नवमी भी रहेगी, जिसे अबूझ मुहूर्त माना जाता है।

बिजासन मंदिर में नाम जप शुरू

बिजासन माता मंदिर में गुप्त नवरात्रि पर एक हजार नाम जप शुरू हुए। प्रतिदिन माता जी का विशेष श्रृंगार होगा। पुजारी रतन गोस्वामी ने बताया कि एक दिन हल्दी श्रृंगार, एक दिन कुमकुम श्रृंगार, एक दिन कमलगट्टे जैसी अन्य चीजों से आठ दिन विशेष श्रृंगार किया जाएगा। छप्पन भोग और विशेष आरती भी होगी। पुजारी रतन गोस्वामी के मुताबिक बिजासन माता में नवरात्री पर दर्शन के लिए 50 से 60 हजार भक्तो के पहुंचने की उम्मीद है।

अन्नपूर्णा मंदिर : शिखर पर ध्वजारोहण के साथ आयोजन

अन्नपूर्णा माता मंदिर में प्रथम दिन भक्तों द्वारा विशेष अनुष्ठान किए गए। पहले दिन शिखर पर ध्वजारोहण के साथ आयोजन शुरू हुआ। मुख्य पुजारी शालीग्राम शास्त्री ने बताया कि साल में चार नवरात्रि आती है, लेकिन गुप्त नवरात्रि का महत्व सबसे अधिक है। प्रथम दिन घटस्थापना, ग्रहो की पूजा और विशेष अनुष्ठान किए जाएंगे। इस बार गुप्त नवरात्रि आठ दिन है इसलिए माता का क्रमश : आठ रूपों में श्रृंगार होगा।

हरसिद्धि मंदिर : हवन व विशेष अनुष्ठान

हरसिद्धि मंदिर में विशेष श्रृंगार, छप्पन भोग, यज्ञ, विशेष अनुष्ठान और महाप्रसादी का आयोजन रखा गया। पंडित सुनील शुक्ला ने बताया कि गुप्त नवरात्रि के दौरान तंत्र विद्या का महत्व अधिक होता है। हवन व विशेष अनुष्ठान से करने से लोगों को लाभ मिलता है।

कालका माता मंदिर : शतचंडी यज्ञ व प्रतिदिन महाप्रसादी

विजय नगर चौराहा स्थित कालका माता मंदिर में गुप्त नवरात्रि के दौरान शतचंडी यज्ञ का आयोजन हुआ। यहां प्रतिदिन माताजी का विशेष श्रृंगार और शाम को महाआरती के साथ अन्नक्षेत्र में महाप्रसादी का आयोजन किया गया है। पुजारी कैलाश यादव ने बताया कि गुप्त नवरात्रि पर हवन, पूजन, माता की आराधना और विशेष यज्ञ का आयोजन किए जाएंगे.

एक नजर में

विद्याधाम पर शतचंडी अनुष्ठान शुरू



इंदौर . विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर आषाढ़ गुप्त नवरात्रि महोत्सव की शुरुआत बुधवार को सुबह आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य एवं आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में घटस्थापना के साथ हुई. गुप्त नवरात्रि में यहाँ प्रतिदिन शतचंडी अनुष्ठान होगा, जिसमें 21 विद्वान नियमितरूप से दुर्गा सप्तशती पाठ से भगवती माँ ललिता त्रिपुर सुंदरी पराम्बा की आराधना करेंगे. शतचंडी अनुष्ठान प्रतिदिन सुबह 10 से 12 बजे तक होगा. आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेंद्र महाजन ने बताया कि गुप्त नवरात्रि में माँ दुर्गा के जिन 10 स्वरूपों की साधना की जाती है, उन्हें दस महाविद्या कहा जाता है. विद्याधाम पर परम्परा के अनुरूप गुप्त नवरात्रि में दस महाविद्या की आराधना हो रही है। प्रतिदिन भगवती का नित्य नूतन श्रृंगार भी किया जा रहा है. आचार्य पं. राजेश शर्मा ने बताया कि आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि में साधकों द्वारा गुप्त रूप से कठिन साधनाएँ की जाती हैं, इसलिए इसे गुप्त नवरात्रि कहा जाता है.

सीकेपी समाज के डॉक्टरों का सम्मान किया

इंदौर . चांद्रसेनीय कायस्थ प्रभू समाज के विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ चिकित्सकों का सम्मान समाज की पंजीकृत संस्था द्वारा किया गया. इस अवसर पर राजश्री अपोलो हॉस्पिटल के सहयोग से समर्थ मठ में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया. समाज के सचिव राजील कुळकर्णी ने बताया गया कि समाज के चिकित्सक गण डॉ दिग्पाल धारकर, डॉ अनिल कर्णिक, डॉ सुरेखा मोतीवाले, डॉ शिशिर गुप्ते, डॉ सतीश मोतीवाले, डॉ अरविंद दिघे, डॉ जगदीश गुप्ते, , डॉ विनय कर्णिक, डॉ अभिजीत गुप्ते डॉ नताशा प्रधान, डॉ स्वप्निल दुर्वे, डॉ प्रदीप फड़नीस, सार्थक नाडकर विद्यार्थी, डॉ प्रकाश राजे, डॉ ज्योति राजे का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से समाज अध्यक्ष व अन्य पद अधिकारी , रेखा कर्णिक, प्रशांत भिसे, अमोल गुप्ते, प्रणव राजे द्वारा सम्मान किया गया. समाज अध्यक्ष सुरभि गडकरी ने संस्था द्वारा संचालित सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों से डॉक्टरों को अवगत कराया. संचालन यूथ ग्रुप के उपाध्यक्ष चयन कर्णिक ने किया. आभार संगीता रणदिवे ने माना.

एआई के दौर में कॅरियर पर विशेषज्ञों ने किया मार्गदर्शन

इंदौर . श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस के कंप्यूटर एवं बायोसाइंस विभाग ने विद्यार्थियों के लिए 'क्लासरूम से आगे : कॅरियर जिसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बदल न सके' विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया. इस अवसर पर मुख्य वक्ता अंकित गंगराड़े (संस्थापक एवं प्रधान सलाहकार, एक्साल्टीक टेक्नोलॉजी) ने कहा कि एआई के बढ़ते प्रभाव के बावजूद रचनात्मकता, समालोचनात्मक सोच, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, नेतृत्व और प्रभावी संवाद जैसे मानवीय कौशल की अहमियत बनी रहेगी. उन्होंने विद्यार्थियों को इंटर्नशिप, उद्योग आधारित परियोजनाओं, टीमवर्क और निरंतर कौशल विकास पर ध्यान देने की सलाह दी. संस्थान के निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस ने विद्यार्थियों को तकनीक के साथ मानवीय क्षमताओं के विकास पर जोर दिया. विभागाध्यक्ष डॉ. क्षमा पैठणकर ने भविष्य की जरूरतों के अनुरूप कॅरियर निर्माण का मार्गदर्शन दिया. कार्यक्रम का समन्वय डॉ. एकता अग्रवाल ने किया, जबकि संचालन सुश्री मानसी पाल ने किया. विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तर सत्र में कॅरियर और उभरती तकनीकों से जुड़े सवाल पूछकर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया.

इंदौर जैन समाज को मिलेगा आचार्य सुधा सागर का चातुर्मास

इंदौर . आचार्य सुधा सागर महाराज के कदम इंदौर की ओर चल पड़े हैं और वे शीघ्र ही इंदौर में चातुर्मास करने के लिए पधारेंगे. उनके चातुर्मास को लेकर जैन सामाजिक संसद और जैन समाज लंबे समय से प्रयासरत रहा है. इंदौर शहर वैसे भी स्वच्छता में नंबर वन है ऐसे ही धर्म गुरुओं की सेवा में भी इंदौर की अपनी अलग पहचान है और सुधा सागर महाराज के चरण कमल जब इंदौर की धरती पर पड़ेंगे तो इंदौर धन्य होगा. यह जानकारी देते हुए सामाजिक संसद के अध्यक्ष आनंद गोधा, नवीन गोधा हर्ष जैन एम के जैन और प्रवीण जैन ने बताया कि सुधा सागर महाराज के चातुर्मास को लेकर इंदौर के जैन धर्मावलंबियों में हर्ष की लहर है वे सभी अपने गुरुदेव की आराधना करने के लिए आतुर हैं और उनके आगमन की बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे हैं. कल मोदीजी की नसिया में शाम को आचार्य श्री के चातुर्मास को लेकर एक बड़ी बैठक आहूत की है, जिसमें समाज के सभी मंदिरों के प्रतिनिधियों को शामिल होना है ताकि इंदौर का जैन समाज अपनी पहचान पूरे देश में एक बार फिर से स्थापित कर सकें और आचार्य सुधा सागर महाराज के चातुर्मास को लेकर व्यापक तैयारियों को अंतिम रूप दे सकें.

एमवाय अस्पताल में सर्जरी विभाग का नया स्टेप डाउन आईसीयू शुरू

इंदौर. एमवाय अस्पताल के सर्जरी विभाग में तीसरी मंजिल पर नए स्टेप डाउन आईसीयू का शुभारंभ हुआ. एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया, एमवाय अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अशोक यादव और सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद शुक्ला ने फीता काटकर आईसीयू का उद्घाटन किया. डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने बताया कि नए स्टेप डाउन आईसीयू के शुरू होने से सर्जरी के मरीजों, विशेषकर गंभीर स्थिति से उबर रहे रोगियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ बेहतर और तुरंत उपचार मिल सकेगा. उद्घाटन के अवसर पर पीडियाट्रिक सर्जरी के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. ब्रजेश लाहोटी, वर्तमान विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक लड्डा, न्यूरोसर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. परेश सोदिया, सर्जरी विभाग के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ चिकित्सक तथा नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे.

रोबोट ने दिया संदेश, 2500 लोगों ने ली नशामुक्ति की शपथ

▶ नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान शुरू, 30 जुलाई तक शहरभर में होंगे जागरूकता कार्यक्रम

नव भारत न्यूज

इंदौर. नशे के खिलाफ जनजागरण को जनआंदोलन बनाने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस ने बुधवार को 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान की शुरुआत भव्य जागरूकता रैली के साथ की. पुलिस कमिश्नर ने अभियान का शुभारंभ करते हुए प्रतिभागियों को अवेयरनेस बैज लगाए, नशामुक्ति की शपथ दिलाई और रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. रैली का सबसे बड़ा आकर्षण नशामुक्ति का संदेश देता रोबोट रहा, जिसने पूरे मार्ग में लोगों का ध्यान खींचा.

पुलिस आयुक्त कार्यालय पलासिया से शुरू हुई रैली गिटार तिराहा, पलासिया चौराहा, घंटाघर होते हुए 56 दुकान पहुंची. रैली में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स, ट्रैफिक मित्र, नगर सुरक्षा समिति के सदस्य, ट्रेनी डॉक्टर और सामाजिक संगठनों सहित करीब 2500 लोगों ने भाग लिया. प्रतिभागियों ने हाथों में नशा विरोधी संदेश लिखी तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया. अभियान के तहत 15 से 30 जुलाई तक शहरभर में नुक्कड़ नाटक, जनसंवाद, पोस्टर और चित्रकला प्रतियोगिताएं, रील एवं शॉर्ट फिल्म प्रतियोगिता, सोशल मीडिया कैंपेन, वीडियो स्क्रीनिंग और अन्य गतिविधियों के जरिए लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया जाएगा.

स्वयं जागरूक हों और दूसरों को भी करें ...

पुलिस कमिश्नर, संतोष कुमार सिंह ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है. युवाओं को नशे से दूर रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है. मैं नागरिकों से अपील करता हूं कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें.

नशे की लत पूरी करने चुराते थे मोटर और पंखे

▶ तीन बदमाश गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

इंदौर. नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन युवकों को चंदन नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से कोरल वैली कॉलोनी से चोरी गई दो पानी की मोटर और चार एग्जॉस्ट फैन, करीब 30 हजार रुपए का सामान बरामद किया है.

गुरुवार 9 जुलाई को सिंहासा स्थित एमएस कोरल वैली कॉलोनी में चोरी की घटना हुई थी. मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी में शामिल बदमाश जवाहर टेकरी स्थित वाइन शॉप के पास मौजूद हैं. सूचना पर घेराबंदी कर भूपेंद्र चौहान, कान्हा दांगी और अजय दांगी को गिरफ्तार किया. पूछताछ में आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार किया. तीनों नशे के आदी हैं और नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे. चंदन नगर थाना प्रभारी, तिलक कारोले के अनुसार, आरोपियों से पूछताछ कर अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है.

भरण पोषण की राशि नहीं चुकाई, फैमिली कोर्ट ने जारी किया वसूली वारंट

इंदौर. भरण पोषण की अदालत से तय राशि का नियमित भुगतान नहीं करने पर फैमिली कोर्ट ने एक जॉइंट कलेक्टर के खिलाफ वसूली वारंट जारी किया है. अदालत ने कहा कि जिम्मेदार प्रशासनिक पद पर कार्यरत अधिकारी से न्यायालय के आदेशों का पालन करने की अपेक्षा अधिक होती है. अगली सुनवाई तक बकाया राशि जमा नहीं होने पर गिरफ्तारी वारंट जारी करने की भी चेतावनी दी गई है.

मामला मंदसौर जिले में पदस्थ जॉइंट कलेक्टर राहुल चौहान और उनकी पत्नी निर्मला चौहान के बीच चल रहे तलाक और भरण पोषण विवाद से जुड़ा है. निर्मला ने फैमिली कोर्ट में आवेदन देकर बताया कि अदालत के आदेश के बावजूद उन्हें नियमित रूप से भरण पोषण की राशि नहीं दी जा रही है. राहुल चौहान पर 5.56 लाख रुपए बकाया हैं, जबकि अब तक केवल 40 हजार रुपए ही जमा किए हैं.

निर्मला के अधिवक्ता प्रवीण कचोले ने बताया कि फैमिली कोर्ट ने 4 मई 2026 को राहुल चौहान को हर माह 20 हजार रुपए भरण पोषण देने का आदेश दिया था. बुधवार को हुई सुनवाई में राहुल चौहान अदालत में उपस्थित नहीं हुए. उनके अधिवक्ता विनोद पाटीदार ने न्यायालय को बताया कि उन्हें अपने मुवक्किल से आगे की पैरवी के संबंध में कोई निर्देश नहीं मिले हैं. इस पर अदालत ने नाराजगी जताते हुए वसूली वारंट जारी कर अगली सुनवाई 20 जुलाई तय की.

गीता भवन में स्वामी प्रणवानंद सरस्वती की भागवत आज से

इंदौर . मनोरमागंज स्थित गीता भवन में भक्त मंडल एवं अखंड प्रणव योग वेदांत पारमार्थिक न्यास के तत्वावधान में श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का दिव्य आयोजन 16 से 22 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 3.30 से 6.30 बजे तक वृन्दावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती के श्रीमुख से होगा. भक्त मंडल के राजेंद्र माहेश्वरी, कमल राठी, मनोज गुप्ता एवं सुनील तिवारी ने बताया कि ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ 16 जुलाई को दोपहर 2.30 बजे गीता भवन परिसर में भागवतजी की शोभा यात्रा के साथ होगा. इस दौरान स्वामी भारतानंद सरस्वती, स्वामी पूर्णानंद सरस्वती, स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती, स्वामी ब्रजेशानंद सरस्वती, स्वामी अतुलानंद, ब्रह्मचारी ज्ञानेश चेतन्य, ब्रह्मचारी पंढरीनाथ, ब्रहमचारी योगेश, ब्रह्मचारी कन्हैया सहित अनेक जाने-माने संत-विद्वान भी इस अनुष्ठान में शामिल होंगे. कथा के दौरान प्रसंगानुसार विभिन्न उत्सव भी मनाए जाएँगे.

कौशल का उद्देश्य हो मानव सेवा

इंदौर . विश्व युवा कौशल दिवस एवं राष्ट्रीय दान दिवस के अवसर पर आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में तहसील विधिक सेवा समिति, देपालपुर के तत्वावधान में विश्व जल संरक्षण दिवस से नशा उन्मूलन दिवस तक लगातार 100 दिनों तक नि :शुल्क शीतल आर.ओ. पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वैश्य समाज महासम्मेलन का सम्मानित किया गया. सम्मान समारोह में समिति के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने कहा कि कौशल तभी सार्थक है, जब वह मानवता की सेवा, समाज के उत्थान और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में समर्पित हो. उक्त अवसर पर वैश्य समाज जल वितरण व्यवस्था समिति के मनोज अग्रवाल युवा जिला प्रभारी, राज जैन तहसील अध्यक्ष, प्रवीण जैन नगर अध्यक्ष, जेपी नागर, पीयूष विजयवर्गी, सौरभ छाबड़ा, पवन विजयवर्गीय, हेमंत नागर, मनोज सरकार, सतीश मंडोवरा, कल्लू जैन, शिवम सोनी, प्रयास जैन, नमन जैन, धर्मेंद्र, रिनी मोदी, अंकुश जैन सहित वरिष्ठ अधिवक्ता बी.आर.पटेल, दिलीप वर्मा, सुधांशु सोलंकी कृष्णा जाधव, विश्वजीत यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन स्टाफ उपस्थित रहे.

विद्यार्थियों को बताया पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली का महत्व

▶ आईएमए स्टूडेंट चैप्टर द्वारा शैक्षणिक भ्रमण

इंदौर. इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन के स्टूडेंट चैप्टर द्वारा सिम्बायोसिस यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेस इंदौर के प्रबंधन विद्यार्थियों के लिए जिम्मी मगिलिगन सेंटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट का प्रेरणादायक शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया. इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के व्यावहारिक पहलुओं से परिचित कराना था.

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पद्मश्री डॉ. जनक पलटा मगिलिगन संस्थापक-निदेशक जिम्मी मगिलिगन सेंटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट से सीधे संवाद करने का अवसर मिला. उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति के साथ संतुलित जीवन, जल संरक्षण, ऊर्जा बचत, जैविक खेती, कचरा प्रबंधन तथा पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने कहा कि यदि युवा आज से ही पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण किया जा सकता है. भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने संस्थान में स्थापित सौर ऊर्जा प्रणाली, वर्षा जल संचयन, जैविक खेती, अपशिष्ट प्रबंधन तथा सतत विकास के विभिन्न मॉडल का अवलोकन किया. इस शैक्षणिक भ्रमण में सिम्बायोसिस यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेस इंदौर से डॉ. अजीत तोमर, डॉ. नीलम वर्मा एवं डॉ. जगदीपविद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे. इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन स्टूडेंट चैप्टरकी ओर से यश जायसवाल ने भ्रमण का समन्वय किया.

उन्होंने विद्यार्थियों को कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया तथा बताया कि आईएमए समय-समय पर ऐसे उद्योग एवं सामाजिक संस्थानों के भ्रमण आयोजित करता है, ताकि विद्यार्थी कक्षा में अर्जित ज्ञान को व्यवहारिक अनुभवों से जोड़ सकें.

खबर का असर | इस गंभीर समस्या को नवभारत ने 14 जुलाई के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था

नवलखा चौराहे पर सड़क मरम्मत और पाइप लाइन सुधार कार्य शुरू

इंदौर. शहर के सबसे व्यस्त और प्रमुख यातायात केंद्रों में शामिल नवलखा चौराहे पर लंबे समय से सड़क पर बने गड्ढों एवं क्षतिग्रस्त पाइप लाइन के कारण आम नागरिकों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था. प्रतिदिन हजारों वाहनों की आवाजाही वाले इस चौराहे पर सड़क की खराब स्थिति के चलते दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बनी हुई थी.

गड्ढों से वाहन चालकों की बढ़ी मुश्किलें

नवलखा चौराहे पर जर्जर सड़क बनी परेशानी का कारण

लंबे समय से हालत है खराब

गड्ढों को भरने की मांग

इस गंभीर समस्या को नवभारत ने 14 जुलाई के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था. खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और संबंधित विभागों द्वारा मौके पर पहुंचकर सड़क मरम्मत एवं क्षतिग्रस्त पाइप लाइन के सुधार का कार्य प्रारंभ कर दिया गया. स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क पर बने गहरे गड्ढों में पानी भर जाने से दोपहिया वाहन चालकों को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था. वहीं पाइप लाइन फूटने के कारण लगातार जलभराव की स्थिति बनी रहती थी, जिससे यातायात प्रभावित होने के साथ-साथ सड़क भी तेजी से क्षतिग्रस्त हो रही थी. जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने वाली खबरों का असर एक बार फिर देखने को मिला, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि जिम्मेदार पत्रकारिता आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है.

इस्कॉन मंदिर में भक्तों ने की सफाई एवं धुलाई

इंदौर. निपान्या स्थित इस्कॉन मंदिर पर जगन्नाथपुरी की तर्ज पर बुधवार गुडिचा मार्जन अर्थात मंदिर की सफाई का अभियान चलाया गया, जिसमें इस्कॉन इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास एवं अन्य संतों के मार्गदर्शन में सैकड़ों भक्तों ने भगवान जगन्नाथ एवं राधा गोविन्द मंदिर की सफाई व धुलाई कर भगवान की सेवा की.

स्वामी महामनदास ने कहा कि चैतन्य महाप्रभु ने भी स्वयं झाड़ू लगाकर यह प्रेरणा दी है कि भगवान की सेवा का कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता। बाहरी सफाई की तरह अंतर्मन की शुद्धि भी जरुरी है. निपान्या स्थित इस्कॉन मंदिर पर आज से भगवान के पट खोल दिए गए हैं. जगन्नाथपुरी की तर्ज पर भगवान अब बुखार से मुक्त होकर स्वस्थ हो गए हैं इसलिए बधवार को सफाई एवं धुलाई सहित अन्य सेवाकार्य भी किए गए जिनमें श्रीनिकेतन दास, अद्विधरण दास, गिरधर गोपाल दास, विशाल प्रभु, अच्युत गोपाल दास, रणधीर दास, कृष्णा देवी दासी और रथ यात्रा के संयोजक हरि अग्रवाल किशोर गोयल, अशोक गोयल, भावेश दवे सहित सैंकड़ों भक्तों ने भाग लिया.

सार्वजनिक सूचना

ऋणकर्ता और सह-ऋणकर्ता :- श्री राहुल, श्री मुकेश, श्रीमती चंदाबाई (ऋण खाता संख्या : 905768) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के तहत जारी नीलामी सूचना दिनांक 10-जून-2026 और प्रकाशन दिनांक 13-जून-2026, बंधक रखी गई संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए जो कि संपत्ति का पूरा हिस्सा और पार्सल है : प्लॉट नंबर 82, 56.46 वर्ग मीटर, श्री कान्हा विहार, ग्राम जाख्या, तहसील सांवेर, जिला इंदौर, इंदौर, 452001, मध्य प्रदेश, भारत (इसके बाद जिसे 'संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति' कहा गया है) इसके द्वारा वापस ली जाती है.

स्थान : इंदौर | हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 16-जुलाई-2026 | एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड
आर्सिल के ट्रस्टी - ट्रस्ट-2026-015